**7.1.8** Institutional efforts/initiatives in providing an inclusive environment i.e., tolerance and harmony towards cultural, regional, linguistic, communal socioeconomic and other diversities

1. National Unity Day




GPS Map Camera
कमता, छत्तीसगढ़, भारत
Q3C7+752, कमता, छत्तीसगढ़ 491771, भारत
Lat 20.77002°
Long 81.063036°
31/10/22 11:27 AM GMT +05:30
klavya
ohara
Google


GPS Map Camera
कमता, छत्तीसगढ़, भारत
Q3C7+752, कमता, छत्तीसगढ़ 491771, भारत
Lat 20.769488°
Long 81.063368°
31/10/22 11:45 AM GMT +05:30
avya
hara
Google

Run for unity..




## 2. Constitution Day



दिवस : संविधान दिवस पर जगह-जगह हुए कार्यक्रम

# संविधान के प्रति निष्ठावान रहने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडीलोहारा

शासकीय एकलव्य महाविद्यालय में संविधान दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. राजू लाल कोसरे, सहायक प्राध्यापक कृष्णा राम भुआर्य, मयंक कुमार मंडावी, डॉ. ईश्वर लाल खरे, प्रदीप कुमार खरे, संजय कुमार ठाकुर, टुशिका नायक, फुलेश्वरी ठाकुर, नंदकिशोर सिन्हा, सुरेन्द्र कुमार साहू, देवानंद वर्मा, हलेश कुमार लिल्हारे, इलेश चन्द्राकर, टेकराम नेताम, काजल तिवारी व कार्यालयीन स्टॉफ दिनेश कुमार साहू, अरविंद गुप्ता, ईश्वर लाल मानकर, योगेश कुमार कुल्हरिया, लालू राम फरसिंद, शंकुतला जगनायक तथा समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं। सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार खरे ने छात्र-छात्राओं को बताया कि संविधान के निर्माण स्वतंत्र भारत के इतिहास में 26 नवंबर की अपनी खास अहमियत है। यही वह दिन है जब भारत ने अपने संविधान को अपनाया था। 1946 में संविधान बनाने के लिए संविधान सभा का गठन किया गया और इसकी रचना में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन का समय लगा। 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हो गया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू कर दिया गया। संविधान दिवस के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व रेड रिबन क्लब के वरिष्ठ स्वयंसेवकों द्वारा 26/11 में शहीद हुए वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही वरिष्ठ स्वयं सेविका ओमिता यादव ने 26/11 हमले पर प्रकाश डालते हुए महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को बताया कि किस तरह से 26 नवंबर 2008 को मुंबई में पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के दस आतंकियों ने हमला किया था।

### संविधान दिवस पर छात्राओं ने दिखाई प्रतिभाएं

बालोद/कलंगपुर। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला चिचबोड़ में संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख सन्दीप जोशी ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन कर बच्चों को शपथ दिलायी। शिक्षक द्रोणकुमार सार्वा ने संविधान निर्माण के उद्देश्य व इतिहास पर प्रकाश डाला। शिक्षक गोपेश्वर साहू ने संविधान में मिले मूल अधिकारों व कर्तव्यों से अवगत कराते हुए संविधान के सम्मान की बात की। शिक्षिका मधु नेताम ने भीमराव अंबेडकर के बचपन की घटनाओं को बताते हुए संविधान में उनके योगदान पर चर्चा की। बाल केबिनेट की ओर से मुस्कान पटेल, लोकेश्वरी, लीना, धनिता, पुष्पेंद्र, सागर पटेल, रेणुका, जनार्धर आदि छात्रों ने भी विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर बच्चों को चित्रकला की गतिविधियां कराई गई, जिसमें प्रकृति, विज्ञान, पर्यावरण, सामयिक विषयों पर बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

### शहीद कौशल यादव कॉलेज में हुई चित्रकला प्रतियोगिता

बालोद/गुण्डरदेही। शासकीय शहीद कौशल यादव महाविद्यालय, गुण्डरदेही में संविधान दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. डी.आर. मेश्राम ने छात्र-छात्राओं को संविधान के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई, इसके बाद चित्रकला प्रतियोगिता तथा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में छात्रों ने समानता तथा अनेकता में एकता जैसे विषय पर चित्रकारी की। राजनीति विज्ञान विभाग के छात्र इंद्र कुमार, दीपिका, गायत्री, सरोज, देव, श्रवण, संदीप, खिलेश चेतन ने नुक्कड़ नाटक प्रदर्शित किया। इस नुक्कड़ नाटक द्वारा संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकारों व मौलिक कर्तव्यों के बारे में बताया गया। छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रदर्शित इस नाटक में छात्रों द्वारा स्वरचित कहानी के माध्यम से मौलिक अधिकारों की जानकारी दी गई। भारतीय संविधान के महत्व को दर्शाते हुए बी.एससी. की छात्र लैना ने गीत प्रस्तुत किया। संविधान दिवस पर प्राचार्य ने छात्र छात्राओं को संविधान का पालन करने तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर बालोद-दल्ली 27-11-2022



विविध कार्यक्रम हुए • शासकीय एकलव्य कॉलेज में छात्र-छात्राओं को दी गई जानकारी

# 2 साल 11 माह व 18 दिन में भारत का संविधान तैयार, जो हमें देता है अधिकार

भास्कर न्यूज़ | डौंडीलोहारा

शनिवार को शासकीय एकलव्य कॉलेज डौंडीलोहारा में संविधान दिवस मनाया गया। सहायक प्राध्यापक प्रदीप कुमार खरे ने छात्र-छात्राओं को बताया कि संविधान के निर्माण स्वतंत्र भारत के इतिहास में 26 नवंबर की अपनी खास अहमियत है। यही वह दिन है जब भारत ने अपने संविधान को अपनाया था।

1946 में संविधान बनाने के लिए संविधान सभा का गठन किया गया। इसके बनाने में 2 वर्ष 11 माह और 18 दिन का समय लगा। 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हो गया और 26 जनवरी 1950 को इसे लागू कर दिया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई व रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों ने 26/11 में शहीद हुए वीर जवानों के बलिदान को याद करते हुए श्रद्धांजलि दी। वरिष्ठ स्वयंसेविका ओमिता यादव ने 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकी संगठनों द्वारा किए गए आतंकी हमले के बारे में बताया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य प्रो. राजूलाल कोसरे, सहायक प्राध्यापक कृष्णाराम भुआर्य, मयंक कुमार मंडावी, डॉ. ईश्वरलाल खरे, संजय कुमार ठाकुर, टुशिका नायक, फुलेश्वरी ठाकुर, नंदकिशोर सिन्हा, सुरेन्द्र कुमार साहू आदि मौजूद थे।



शासकीय एकलव्य कॉलेज डौंडीलोहारा में संविधान दिवस मनाया।

## नर्सिंग छात्र-छात्राओं ने मनाया संविधान दिवस



दल्लीराजहरा. संविधान की प्रस्तावना की शपथ लेते हुए छात्र-छात्राएं।

दल्लीराजहरा| शनिवार को भारत एवं मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग दानीटोला के छात्र-छात्राओं ने भारतीय संविधान दिवस मनाया। संविधान की महत्ता को छात्र-छात्राओं को बताकर शपथ दिलाया। इस दौरान प्राचार्य डेनियल दीपक मसीह सिजो कोशी सहित स्टाफ एवं शिक्षक , छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## मौलिक अधिकार व कर्तव्यों के बारे में बताया

भास्कर न्यूज़ | गुंडरदेही

नगर के शासकीय शहीद कौशल यादव कॉलेज में संविधान दिवस पर विविध कार्यक्रम हुए। प्राचार्य डॉ.डीआर मेश्राम ने छात्र-छात्राओं को संविधान के प्रति निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई। चित्रकला प्रतियोगिता व नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। चित्रकला में छात्रों ने समानता व अनेकता में एकता जैसे विषय पर चित्रकारी की। राजनीति विज्ञान विभाग के इंद्रकुमार, दीपिका, गायत्री, सरोज, देव, श्रवण, संदीप, खिलेश चेतन ने नुक्कड़ नाटक प्रदर्शित किया। इस नुक्कड़ नाटक के जरिए संविधान में उल्लेखित मौलिक अधिकारों व मौलिक कर्तव्यों के बारे में बताया। छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रदर्शित इस नाटक में छात्रों ने स्वरचित कहानी के माध्यम से मौलिक अधिकारों की जानकारी दी। भारतीय संविधान के महत्व को दर्शाते हुए बीएससी की छात्रा लैना ने गीत प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं को संविधान का पालन करने व लोगों को इसके प्रति जागरूक करने के लिए प्रेरित किया।



गुंडरदेही. संविधान दिवस पर नाटक प्रस्तुत करते छात्र- छात्राएं।

## कांग्रेसियों ने डॉ. अंबेडकर को याद किया

डौंडी| शनिवार को नगर के रेस्ट हाउस में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र में पुष्प अर्पित कर संविधान दिवस मनाया। जिसमें मुख्य रूप से ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कोमेश कोर्राम, महामंत्री कैलाश राजपूत, मीडिया प्रभारी रविकांत देशमुख, युवा कांग्रेस के शोएब रजा, शुभम गावड़े, मोनू राजपूत, वरिष्ठ कांग्रेस कार्यकर्ता बूढ़ानसिंह उइके, श्यामलाल साहू आदि मौजूद थे।




डौंडी. रेस्ट हाउस में संविधान दिवस मनाते कांग्रेसी।

# 3. Annual Function




एकलव्य महाविद्यालय डौण्डीलोहारा
Kamta, Chhattisgarh, India
Q3C7+752, Kamta, Chhattisgarh 49177
Lat 20.770041°
Long 81.062996°
07/03/23 02:30 PM GMT +05:30


RTI
GPS Map Camera
Kamta, Chhattisgarh, India
Q3C7+752, Kamta, Chhattisgarh 491771, India
Lat 20.770041°
Long 81.062996°
07/03/23 03:00 PM GMT +05:30